रिलायंस ने पेश की ऑनलाइन जीवन बीमा योजना

मुंबई, 21 अप्रैल (एजेंसियां)। उद्योगपति अनिल अंबानी के स्वामित्व वाली रिलायंस कैपिटल की सहायक कंपनी रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने सोमवार को एक ऑनलाइन जीवन बीमा योजना 'रिलायंस ऑनलाइन टर्म' पेश की। कंपनी ने यहां एक बयान में कहा, यह अभी बाजार में उपलब्ध सबसे प्रतिस्पर्धी ऑनलाइन जीवन बीमा योजना में से एक है, जिसमें 15 रुपए प्रति दिन तक की न्यूनतम राशि की खर्च पर (25 साल के एक स्वस्थ्य पुरुष के लिए) एक करोड़ रुपए तक की जीवन सुरक्षा हासिल की जा सकती है। इस योजना में 75 साल की उम्र तक उच्च जीवन सुरक्षा हासिल की जा सकती है और बीमा लेने वाले की चिकित्सा जांच उसके आवास पर ही होगी। बयान के मुताबिक एक करोड़ रुपए की जीवन सुरक्षा लेने का मासिक खर्च धूम्रपान नहीं करने वाले 25 साल के पुरुष के लिए 15 साल तक प्रति माह 450 रुपए है। योजना कम से कम 18 वर्ष और अधिकतम 55 वर्ष तक ली जा सकती है। योजना की न्यूनतम अवधि 10 साल और अधिकतम 35 साल है। अधिकतम परिपक्क ता उम्र 75 साल है। योजना में न्यूनतम 25 लाख की सुरक्षा ली जा सकती है। इसमें महिलाओं के लिए कम प्रीमियम की व्यवस्था है और धूम्रपान नहीं करने वालों के लिए विशेष प्रीमियम की व्यवस्था है।